पत्रिका सिटी लीक्स

उदयपुर, शनिवार, 21 सितम्बर, 2019 3

टेबल-टेनिस प्रतियोगिता संपन्न

उदयपुर. सुविवि के तत्वावधान में हुई टेबल टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के फाइनल में कॉमर्स कॉलेज विजेता रहा। इससे पहले वाणिज्य महाविद्यालय ने विद्या भवन संस्थान को मात दी। महिला वर्ग में गुरु नानक पीजी गर्ल्स कॉलेज ने जीत दर्ज

कराई। खुशी गांधी, सानिया शर्मा, मोनिका राजभोई, शिल्पा कटारा तथा उप-विजेता में राजकीय मीरां गर्ल्स कॉलेज की सोनल मन्नत, अवि प्रजापत, खुशबू लौहार, पायल मीणा रही। इसी प्रकार पुरूष वर्ग में वाणिज्य महाविद्यालय के तुषार सोनी, एकलिंग अग्रवाल, कुन्ज सोनी, कनिष्क पोखरना तथा कुश दवे ने जीत दर्ज कराई। उपविजेता में विद्याभवन संस्थान के कुणाल केसरी, मृणाल शर्मा, पुलकित मेहता, विश्वराज सिंह का नाम रहा। प्रतियोगिता के बाद पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान परिसर में हुआ। बतौर अतिथि विधि महाविद्यालय डीन प्रो. आनन्द पालीवाल, डॉ. अक्षय शुक्ला, डॉ भीमराज पटेल एवं अन्य ने कार्यक्रम को संबोधित किया। खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

दैनिक नवज्योति

उदयपुर, शनिवार, 21 सितम्बर 2019 6

टेनिस में कॉमर्स व गुरुनानक पीजी कॉलेज जीते

ब्यूरो नवज्योति, उदयपुर। सुविवि के तत्वावधान में टेबल टेनिस (पुरुष व महिला) प्रतियोगिता का समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ

एजुकेशन संस्थान में हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विवि खेल बोर्ड अध्यक्ष प्रो. आनंद पालीवाल थे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अक्षय शुक्ला तथा डॉ. भीमराज पटेल थे। मुख्य अतिथि प्रो. आनन्द पालिवाल ने कहा कि विवि क्रीड़ा मंडल की ओर से हर खिलाड़ी के लिए कई प्रकार की खेल योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से वे खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य संवार सकते हैं। बताया गया कि टेबल टेनिस (पुरुष) की फाइनल प्रतियोगिता विद्याभवन तथा वाणिज्य महाविद्यालय के मध्य हुई। इसमें वाणिज्य महाविद्यालय ने जीत दर्ज की। जबकि महिला वर्ग में गुरुनानक पीजी गर्ल्स कॉलेज ने जीत दर्ज की।